


## गुरु नानक कॉलेज धनबाद के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा अभिभावक - शिक्षक मिलन कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 01 सितंबर 2025 को गुरु नानक कॉलेज धनबाद के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा भुदा कैंपस में अभिभावक -शिक्षक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में से 82 छात्र छात्राएं एवं 82 अभिभावक (82+82=164) ने अपनी

उपस्थिति दर्ज की। अभिभावक और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ रंजना दास ने कक्षा में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही साथ कॉलेज लाइब्रेरी, NSS, NCC, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां, महाविद्यालय में समय-समय पर आयोजित होने वाले सेमिनार, रोजगार मेले, स्पोकन ट्यूटोरियल में उनकी सक्रिय सहभागिता और उपस्थिति को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए फीडबैक प्रपत्रों पर शैक्षणिक एवं छात्रहित संबंधित सुझाव दर्ज किए। उपस्थित अभिभावकों की ओर से कॉलेज में आयोजित शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों के सुदृढ़ एवं सुचारु गतिविधियों की प्रशंसा की। विभाग अध्यक्ष डॉ मीना मालखंडी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने संबोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों से संबंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी। इस समारोह में उपस्थित अभिभावकों की ओर से विभाग के द्वारा किए गए इस कार्यक्रम को सराहा गया। कार्यक्रम को भुदा कैंपस के प्रोफेसर- इंचार्ज प्रोफेसर दीपक कुमार ने भी संबोधित किया । धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ नीता ओझा और प्रोफेसर नमिता कुमार भी उपस्थित थे।


GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
Welcome Parents
to
PARENT
STUDENT
TEACHER
GLOBUS


GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
Welcome Parents
to
Political Science
Time : 10:30 am onwards
GLOBUS


GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
Welcome Parents
to
Political Science
Time : 10:30 am onwards
GLOBUS


GURU NANAK COLLEGE , DHANBAD
(A Sikh Minority Degree College Affiliated to BBMK University, Dhanbad)
NAAC Accredited
Welcome Parents
to
Teacher
Organized by






Placement and Training Cell
Placement Drive


Placement and Training Cell
Placement Drive

# NEWS CLIPING

## गुरुनानक कॉलेज के अभिभावकों ने दिया फीडबैक

धनबाद। गुरुनानक कॉलेज के अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान और हिन्दी विभाग ने संयुक्त रूप से भूदा कैंपस में अभिभावक-शिक्षक मिलन का आयोजन किया। 200 छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने हिस्सा लिया। अभिभावकों ने फीडबैक दिया। प्राचार्य डॉ रंजना दास ने छात्र जीवन के शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ मीना मालखंडी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो अमरजीत सिंह, भूदा कैंपस प्रोफेसर-इंचार्ज प्रो दीपक कुमार और हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो सोनू प्रसाद यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।